# कार्यालय नगर पंचायत काँठ, जनपद– मुरादाबाद

पत्रांकः–1396 / अ0का0ई–नि0 / न0पं0काँठ / 17–18 दिनाँक– 09.10.2017

## अल्पकालीन ई – निविदा सूचना

नगर पंचायत काँठ के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों /जी0एस0टी0 में पंजीकृत अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि 14 वे वित्त आयोग ,02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा रा0वि0आ0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वेतन आदि वितरण के पश्चात अवशेष धनराशि से नगर पंचायत कॉठ को निम्नलिखित कार्य कराने हेतु ई– टेण्डरिग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेवसाईट etender.up.nic.in पर दिनॉक 11.10.2017 से दिनॉक 23.10..2017 तक डाउनलोड को अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड एंव अपलोड की जा सकती है जिनकों दिनॉक 23.10.2017 की अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित /अनुपस्थित ठेकेदारो /पंजीकृत फर्मो के प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन खोला जायेगा । केवल उन्ही निविदाओं को तुलनात्मक चार्ट में अंकित किया जायेगा जिनकी मूल निविदा क्रय रसीद , मूल अर्नेस्ट मनी मूल ड्राफ्ट /एन0एस0सी0 , व अन्य चाहे गये प्रपत्र कार्यालय नगर पंचायत कॉठ में रखे सीलबंद वॉक्स से प्राप्त होगें । ई – निविदा में कोई भी संशोधन /परिर्माजन/ परिवर्तन की सूचना को बेबसाईट www.etender.up.nic.in पद पर ही अपलोड किया जायेगा । संशोधित ई– निविदा ही मान्य होगी । निविदा स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी मे निहित होगा जिसको किसी भी दशा मे चुनोती नहीं दी जा सकती है । अन्य शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

| क. सं. | कार्य का विवरण | आगणन राशि | 2 प्रतिशत धरोहर राशि | टेन्डर शुल्क | जी0 एस0 टी0 18 % | कार्य अवधि | भुगतान की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25 वाट हैविल्स एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट | 6,85,503 | 13710 | 1300 | 234 | 15 दिन | 14 वॉ वि0आ0 |
| 2 | तहसील कॉठ में मुख्य मार्ग (हाइवे मुरादाबाद धामपुर) से डायट तक सी0सी0 टाईल्स व नाली निर्माण | 15,57,000 | 31140 | 3000 | 540 | 1 माह | अवस्थापना विकास निधि |
| 3 | DOUBLE BARREL SS BODY , FULLY AUTOMATIC REMOTE, CONTROL MAHINE, SOLUTION TANK 100 LTR, PETROL TANK 9 LTR, PORTABLE ON STEEL FRAME, DOUBLE SOLONITE SWITH | 525000 | 10500 | 1000 | 180 | 15 दिन | 14 वॉ वि0आ0 |
| 4 | मौ0 माननगर में कलुआ से वाल्मिकी संतोष की पुलिया तक सी0सी0टाईल्स रोड व नाली निर्माण | 2360000 | 47200 | 4700 | 846 | 1 माह | 14 वॉ वि0आ0 |
| 5 | वार्ड न0 11 मौहल्ला विशनपुरा में शर्मा फोटो स्टेट से डा0 मदन कुमार तक सी0सी0 टाईल्स रोड व नाली निर्माण | 1,77,000 | 3540 | 400 | 72 | 20 दिन | 14 वॉ वि0आ0 |
| 6 | Rikshaw/ Thella with 3 wheel, front wheel 64 taan, tyre tube, back two wheel with solid rubber wheel, pipe taan, Neelam frame with double danda, body 18/16 guage, size L40''x H 15"x W 30'', with Painting 25 Pc. | 5,51,250 | 11025 | 1100 | 198 | 15 दिन | 14 वॉ वि0आ0 |
| 7 | वार्ड न0 2 मौ0 फकीरगंज में ऊधम सिंह के प्लाट से ब्रहमपाल सिंह के मकान तक सी0 सी0 टाईल्स रोड व नाली निर्माण | 1,48,934 | 2979 | 300 | 54 | 15 दिन | रा0वि0आ0 |

**नोट – शेष भुगगान रा0वि0आ0 / नगर पंचायत फण्ड से किया जायेगा ।**

**नियम व शर्ते –**

1 – यदि कार्य के निर्माण में ऐसे सामान की आवश्यकता पडती है जिस पर सरकार ने प्रतिबन्ध कर रखा है तो उसका प्रबन्ध ठेकेदार स्वयं करेगा । निकाय की कोई जिम्मेदारी नही होगी ।

2 – निर्माण कार्य / विकास कार्य के सम्बन्ध में समय – समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेश /शर्ते ठेकेदार/ फर्म को मान्य होगी ।

3 – सडक निर्माण से पूर्व संबंधित ठेकेदार / कान्ट्रेक्टर को परियोजना लागत की 5 प्रतिशत धनराशि परफॉरमेन्स गारन्टी के रूप में एन0एस0सी0 /एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कॉठ के नामे बंधक कर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा जिसका भुगतान 5 वर्ष उपरान्त सडक के समुचित रख–रखाव होने की दशा में ही किया जायेगा । सड़क निर्माण पूर्ण होने के पश्चात 5 वर्ष तक अनुरक्षण /रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित कान्ट्रेक्टर की होगी ।

4 – एन0एस0सी0 /एफ0डी0आर0 फर्जी पाये जाने पर संबंधत ठेकेदार / फर्म को डिवार / ब्लैकलिस्टेड कर दिया जायेगा ।

5 – निविदा क्रय रसीद दिनॉक 17.10.2017 तक नगद भुगतान कर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एफ0डी0आर0/एन0एस0सी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कॉठ के नाम बंधक होनी चाहिए तथा निविदा क्रय रसीद व एफ0डी0आर0/एन0एस0सी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है ।

**6**– विस्तृत विवरण , नियम व शर्ते www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है जिसका अध्ययन निविदादाता निविदा प्रपत्र डालने से पूर्व भली भॉति कर लें ।अधिक जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है

( मौ0 महबूब)
लिपिक
नगर पंचायत काँठ
मुरादाबाद

( सूर्यकान्त )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत काँठ
मुरादाबाद

## विस्तृत विवरण /नियम व शर्ते

1– निविदा क्रय रसीद , अर्नेस्ट मनी ड्राफ्ट , 100 रू के स्टाम्प पर हलफनामा , ठेकेदारी सम्बन्धित हैसियत प्रमाण पत्र , चरित्र प्रमाण पत्र , जी0एस0टिन , पेन कार्ड, श्रम विभाग का पंजीकरण , व अन्य प्रपत्र सहित सीलबंद लिफाफें में रखकर दिनॉक 23.10.2017 अपरान्ह 12 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत कॉठ में रखे गये सीलबंद टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य होगा ।

2.– शा0 आ0 सं0 –1190/9.2.97 नगर विकास अनुभाग –2 लखनऊ दिनॉक 26 सितम्बर 1997 के क्रम में जो भी फर्म /ठेकेदार मानक के अनुसार कार्य नही करेगा या मानक के अनुरूप सामग्री की आपूर्ति नही करेगा तो यह भ0 द0 सं0 के अन्तर्गत अपराध माना जायेगा तथा फर्म / ठेकेदार के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

3– अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
4 – कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार कौंसिल में जंजीकृत है वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं होगी।
5. भविष्य में शासन निर्धारित करो की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

.6– निविदादाताओं को कार्य योजना के कियान्वयन के साथ साथ अगले 5 वर्षों तक का रख–रखाव करना अनिवार्य है जमानत धनराशि रख–रखाव अवधि बीतने के पश्चात कार्य के संतोषजनक होने की स्थिति में ही रिलीज की जायेगी।

7– एल0ई0डी0 लाईट की आपूर्ति वाटरप्रूफ तथा भारत सरकार के भारतीय मानक ब्यूरों द्वारा गुणवत्ता निर्धारण हेतु आई0एस0आई0 माड्यूल तथा एल0एम0 79 टेस्ट रिपोर्ट 5 वर्ष की रिप्लेसमेंट की गारंटी/ वारंटी तथा आई0पी0 65, 66, 67 प्रोटेक्शन के तहत करनी होगी ।

8– शासनादेश सं0. 4435/छ:पु0–14–06–50(7)/2006 दिनॉंक 02.11.06 के प्रस्तर 7 व 8 के अनुसार यदि ठेकेदार /फर्म को ठेका दे दिये जाने के बाद भी संज्ञान में आता है कि प्रथम पक्ष सकिय रूप से माफिया गतिविधियों असमाजिक कार्यों एंव संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो ठेका निरस्त कर दिया जाएगा तथा ठेकेदार /फर्म के बारे मे संज्ञान मे आता है कि प्रथम पक्ष ने सम्भावित निविदाकर्ताओं को धमकी दी है अथवा उन्हें निविदा प्रक्रिया मे भाग लेने एंव टेंडर डालने से रोका गया है तो द्वितीय पक्ष को अधिकार होगा कि अनुबंध को निरस्त कर पुनः निविदा मांगने की व्यवस्था कर लें।

9– यह कि उक्त कार्य का अनुबन्ध भारतीय स्टाम्प अधिनियम की अनुसूची 1बी0, अनुच्छेद 57 बी के अनुसार 100.00 रू0. के स्टाम्प पर इस शर्त के साथ किया जाता है कि यदि माननीय उच्च न्यायालय/ सर्वोच्च न्यायालय/ शासन द्वारा कोई अन्य निर्णय पारित होता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा तथा ठेकेदार /फर्म को को इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

10. निविदा प्रपत्र एंव कोई भी जानकारी के लिए सम्बन्धित कार्यालय नगर पंचायत कॉठ, मुरादाबाद से किसी भी कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है।

11. विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/ समय में यदि कोई परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना ऑन–लाइन/ नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करा दी जायेगी। निविदा की प्रक्रिया ऑन–लाइन शुरू होने के पश्चात् किसी भी लॉट के सम्बन्ध में समस्त अग्रिम कार्यवाही सिर्फ ऑन–लाइन ही होगी, प्रत्येक निविदादाता की यह ज़िम्मेदारी होगी कि वह निविदा की प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात् ऑन–लाइन निविदा के सम्बन्ध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि–पत्र की जानकारी प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी निविदादाता की होगी।

12 प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रों का पहले यह निरीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता द्वारा निर्धारित प्रतिभूति धनराशि, एंव सभी प्रपत्र पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर सहित ठीक–ठीक उपलब्ध कराये गये हैं या नहीं, इनमें किसी प्रकार की कमी या असन्तोषजनक होने की स्थिति में निविदादाता की बिड को Unresponsive मानते हुऐ कोई विचार नहीं किया जायेगा।

13. निविदा के साथ किसी भी विवाद की दशा में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कॉठ, मुरादाबाद का ही निर्णय अंतिम एंव मान्य होगा ।

14 . ई– निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एंव शर्ते नगर पंचायत कॉठ की बेबसाइट npkanth.in पर भी उपलब्ध है ।

( मौ0 महबूब)
लिपिक
नगर पंचायत कॉठ
मुरादाबाद

( सूर्यकान्त )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कॉठ
मुरादाबाद